सेन प्रभु की सेवा करू में सेन जन्मोत्सव आज है

सेन प्रभू कि सेवा करूँ में,आया पर्व ये खास है
नाचों-गाओ खुशियाँ मनाओ, सेन जन्मोत्सव आज है

1. बान्धवगढ में प्रकटे प्रभूजी, श्री चन्द घर अवतार लिया
   सुन्दर रूप दिखाके प्रभूजी, सब भक्तो को धन्य किया
   घर-घर बँटती बधाई देखों, सेन जी जन्मे आज है
   नाचो-गाओ.......

2. राजा रामसिंह-वीरसिंह ने, सेन जी को याद किया
   संत सेवा मे लगे सेन जी, सुद्ध-बुद्ध को हे भुला दिया
   तीन लोक का पालन-कर्ता, नाई रुप धरयो आज है
   नाचो-गाओं.....

3. रामानन्द जी से दीक्षा पाकर, हरि-भक्ति का प्रचार किया
   गुरु चरणों कि धुली लगाकर, राजगुरू पद प्राप्त किया
   राजा बन गये दास प्रभु के, सेन जी महाराज है
   नाचो-गाओ......

4. सच्चे मन से जो कोई ध्यावे, उसका बेड़ा पार है
   प्रभू भक्ति का वर मांगे हम, यही संपदा खास है
   आनंद-राहूल अर्ज करे लक्ष्मी मंडल कि पुकार है
   नाचो-गाओं......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34750/title/sain-prabhu-ki-seva-karu-mein-sain-janmotsav-aaj-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |